तत्काल

संख्या- 2/आरएफ75/नौ-9-10-173ज/13

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ:दिनांक: 18 सितम्बर, 2013

विषय- वित्तीय वर्ष 2013-14 में नया सवेरा नगर विकास योजना से ब्याज रहित ऋण के रूप में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को स्वीक़त धनराशि की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में नया सवेरा नगर विकास योजना से विभिन्न जनपदों की विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु ब्याज रहित ऋण के रूप में धनराशि स्वीक़त की गयी है, जिसकी वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का अनुश्रवण मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के स्तर पर समीक्षा बैठक में किया जाता हैा क़पया वित्तीय वर्ष-2013-14 में नया सवेरा नगर विकास योजना से स्वीक़त धनराशि की अपने-अपने जनपदों में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुये प्रगति आख्या संलग्न प्रारूप में शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें

2 उक्त के अतिरिक्त शासन के संज्ञान में यह भी तथ्य प्रकाश में आया है कि नया सवेरा नगर विकास योजना के अन्तर्गत अधिकांश नागर निकायों को वित्तीय स्वीक़तियों पूर्व में जारी हो जाने के पश्चात भी अनेक जनपदों में इस योजना के अन्तर्गत स्वीकृति किये गये कार्यो के टेण्डर अभी तक नहीं हुये है एवं कोषागार से धनराशि का आहरण भी नहीं किया गया है, जिससे कोषवाणी में व्यय की स्थिति स्वीक़त किये गये कार्यो/धनराशि के सापेक्ष तत्काल टेण्डर प्रकिया प्रारम्भ कर नियमानुसार फील्ड में कार्यों को प्रारम्भ कराया जाय तथा इस योजना के अन्तर्गत निकायों द्वारा प्रस्तुत किये गये विलों के सापेक्ष धनराशि तत्काल कोषागार से संबंधित निकायों को धनराशि अंतरित किये जाने हेतु जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें

भवदीय
ह0
श्रीप्रकाश सिंह
विशेष सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-'

1 निदेशक, स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
2 समस्त अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत उत्तर प्रदेश
3 गार्ड फाईल/कम्पूयटर पर अपलोड करने हेतु

भवदीय
ह0
उमा शंकर सिंह
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in